दूरभाष PBX 2760021, 22, 24, 2773023

# चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
# Ch. Charan Singh University, Meerut

पत्रांक :व्या0पाठ0 / प्रयो0 / 2862
दिनांक: 06.01.2021 07

## प्रेस-विज्ञप्ति

विश्वविद्यालय से सम्बद्ध समस्त महाविद्यालयों / संस्थानों को प्रेस-विज्ञप्ति संख्या-व्या0पाठ0 / प्रयो0 / 2402 दिनांक 24.11.2020 एवं प्रेस-विज्ञप्ति संख्या-व्या0पाठ0 / प्रयो0 / 2533 दिनांक 16.12.2020 के द्वारा प्रोफेशनल कोर्सो की प्रयोगात्मक / मौखिक परीक्षाओ को सम्पन्न कराकर अंक आनलाईन विश्वविद्यालय के पोर्टल पर अपलोड किये जाने के निर्देश प्रदान किये गये थे किन्तु लगभग डेढ़ माह का समय व्यतीत हो जाने के बावजूद भी कतिपय संस्थानों / महाविद्यलायों के द्वारा प्रयोगात्मक / मौखिक के अंक आनलाईन विश्वविद्यालय के पोर्टल पर अपलोड नही किये गये है। इससे छात्रों का परीक्षा फल घोषित किये जाने मे निरन्तर विलम्ब हो रहा है। जिससे छात्रो को तमाम कठिनाईयों का सामना करना पड रहा है। यह स्थिति अत्यंत ही खेद जनक है। इसे मा0 कुलपति जी द्वारा अत्यधिक गम्भीरता से लिया गया है।

एतद्द्वारा निम्नलिखित महाविद्यालयों / संस्थानों जिन्होने अभी तक प्रयोगात्मक / मौखिक परीक्षा के अंक आनलाईन विश्वविद्यालय पोर्टल पर अपलोड नही किये है अथवा प्रयोगात्मक / मौखिक परीक्षा सम्पन्न नही कराई है सूचित किया जाता है कि सम्बन्धित महाविद्यालय / संस्थान 03 कार्य दिवसो के अन्दर अपने महाविद्यालय / संस्थान की प्रयोगात्मक / मौखिक परीक्षा सम्पन्न कराकर अंक आनलाईन विश्वविद्यालय के पोर्टल पर अपलोड करते हुऐ अंकपर्णो की हार्ड कापी 02 प्रतियों में कमरा नम्बर- 308 मे जमा करा दें।

**उक्त के सम्बन्ध में यह भी सूच्य है कि यदि किसी महाविद्यालय / संस्थान के द्वारा मा0 कुलपति जी के उक्त आदेशो का अनुपालन सुनिश्चित नही किया जाता है तथा विश्वविद्यालय द्वारा दिनांक 09.03.2021 को प्रस्तावित आगामी 32 वे दीक्षान्त समारोह में मेरिट के आधार पर कोई छात्र सहभागिता करने से वंचित रह जाता है तो इसका समस्त उत्तरदायित्व महाविद्यालय / संस्थान का होगा।**

| क0 सं0 | पाठ्यक्रम | संस्थान / महाविद्यालय का नाम / कोड | क0सं0 | पाठ्यक्रम | संस्थान / महाविद्यालय का नाम / कोड |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | बी0बी0ए0 | दून कालेज ऑफ एजूकेशन सहारनपुर **कॉलेज कोड** –. 823 | 10 | बी0सी0ए0 | हीलवुड इस्टीट्यूट ऑफ एजूकेशन **कॉलेज कोड**–1025 |
| 02 | बी0बी0ए0 | मेरठ इन्टरनैशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टीचर्स **कॉलेज कोड** –364 | 11 | बी0सी0ए0 | वैभव इंस्टीट्यूट ऑफ मेनेजमेन्ट एण्ड टैक्नोलॉजी कॉलेज कोड –305 |
| 03 | बी0बी0ए0 | श्री नाथ जी इंस्टीट्यूट फॉर टैक्नीकल एजूकेशन घाट रोड मेरठ **कॉलेज कोड** –486 | 12 | बी0सी0ए0 | शताब्दी इंस्टीट्यूट ऑफ एजूकेशन मोहददीनपुर **कॉलेज कोड** –811 |
| 04 | बी0बी0ए0 / बी0सी0 ए0 | राधा गोविन्द कालेज ऑफ एजूकेशन ग्रेटर नोएडा कॉलेज कोड –742 | 13 | बी0सी0ए0 | उपाध्याय नेन सागर जैन डिग्री कालेज कॉलेज कोड 342 |
| 05 | बी0बी0ए0 | एस्टोन कालेज ऑफ एजूकेशन मेरठ **कॉलेज कोड** –801 | 14 | एम0एस0सी(बायोटक्नोलॉजी) | श्याम लाल सरस्वती महाविद्यालय **कॉलेज कोड**–981 |
| 06 | बी0सी0ए0 | इलिट कॉलेजे ऑफ प्रोफेशनल एण्ड स्डीज दादरी मेरठ **कॉलेज कोड** –641 | 15 | एम0एस0सी0 (होम संइस) | एस0डी0गर्ल्स डिग्री मुजफ्फरनगर **कोड. कॉलेज कोड** –175 |
| 07 | बी0सी0ए0 | एफ0एम0जी एक्डेमी नॉलजी पार्क–3 ग्रेटर नोएडा **कॉलेज कोड** –695 | 16 | एम0एस0सी0 (होम संइस टैक्सीईल) | रूद्रा इंस्टीटयूट ऑफ टैक्नोलॉजी मवाना। **मेरठ कोड.** 686 |
| 08 | बी0सी0ए0 | भारती विद्यापीट राली चौहान मेरठ **कॉलेज कोड** –663 | 17 | एम0एस0सी0 (होम संइस) | श्री राम गर्ल्स कालेज मुजफ्फरनगर **कॉलेज कोड** – 880 |
| 09 | एम0लिब | सविता देवी महविद्यालय मेरठ **कॉलेज कोड** –710 | | | |

**नोट:-_उक्त नियत समय सीमा के पश्चात किसी भी महाविद्यालय / संस्थान के अंकपर्णो जमा नही किये जायेंगे जिसका समस्त उत्तरदायित्व सम्बन्धित संस्थान / महाविद्यालय का होगा।**

07-01-2021
परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि :-
01.सचिव कुलपति को मा0 कुलपति जी के सूचनार्थ।
02.सचिव प्रतिकुलपति को प्रतिकुलपति जी के सूचनार्थ।
03.आशुलिपिक कुलसचिव को कुलसचिव जी के सूचनार्थ।
04.वैयक्तिक सहायक परीक्षा नियंत्रक को परीक्षा नियंत्रक के सूचनार्थ।
05.सम्बन्धित महाविद्यालयों के प्राचार्य / प्राचार्या / निदेशक को इस आशय से प्रेषित कि वे समस्त सम्बन्धित परीक्षार्थियो को प्रयोगात्मक / मौखिक परीक्षा से सूचित कराया जाना सुनिश्चित करते हुए उक्त निर्धारित अवधि में प्रयोगात्मक / मौखिक परीक्षा सम्पन्न कराये जाने का कष्ट करें।
06 विश्वविद्यालय प्रेस प्रवक्ता।
07.प्रभारी, प्राधिकृत एजेन्सी, चौ0 चरण सिह विश्वविद्यालय, मेरठ को इस आशय से प्रेषित कि विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालयों / संस्थानों की सम्पन्न होने वाली प्रयोगात्मक / मौखिक परीक्षा के अंक अपलोड करने हेतु पोर्टल खोलना सुनिश्चित करें।

सहा0 कुलसचिव / व्या0पाठ्य0